प्रारूप– 11

## वनभूमि की मांग का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या

कार्य का नाम :– एस0सी0पी0 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र गंगोत्री में डाण्डागाँव–माजफ मोटर मार्ग का डाण्डागाँव तक विस्तार (लम्बाई 6.00 किमी0) हेतु वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव 4.617 है0।

प्रस्तावित मोटर मार्ग रनाड़ी–डाण्डागांव–मांजफ मोटर मार्ग के किमी0 7 (अन्तिम बिन्दु) से प्रारम्भ होकर डाण्डागांव तक 6.00 किमी0 लम्बाई मे निर्मित किया जायेगा।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता आर्थिक मितव्ययता तथा तकनीकी दृष्टि से जो समरेखण सर्वथा उपयुक्त पाया गया उसमें 4225 मी0 लम्बाई में आरक्षित वनभूमि, 550 मी0 लम्बाई में सिविल सोयम वनभूमि एवं 1225 मी0 लम्बाई में नापभूमि पड़ती है। इस मोटर मार्ग निर्माण हेतु ली जाने वाली भूमि की चौड़ाई 9.00 मी0 रखी गयी है जिसके अनुसार मोटर मार्ग के लिए 3.802 है0 आरक्षित वनभूमि, 0.495 है0 सिविल सोयम वनभूमि तथा 1.102 है0 नापभूमि हस्तान्तरण की आवश्यकता है। इस समरेखण में विभिन्न प्रजाति के 445 वृक्ष परियोजना के निर्माण कार्य से प्रभावित होंगे, जिसकी सूची संलग्न है।

स्वीकृत समरेखण की तुलना में वैकल्पिक समरेखण की लम्बाई 0.60 किमी0 अधिक आ रही है तथा इस समरेखण में आरक्षित वनभूमि एवं वृक्ष अधिक प्रभावित होंगे तथा इस समरेखण में दो अधिक एच0पी0 बैण्ड आने के कारण मार्ग की स्थायित्व की दृष्टि से उचित नही है। इसलिए वैकल्पिक समरेखण पर विचार नही किया गया।

उक्त मोटर मार्ग के निर्मित होने से ग्राम डाण्डागांव लाभान्वित होगा एवं नकदी फसल बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी एवं ग्रामवासियों को देवीधार (डुण्डा) बाजार व जिला मुख्यालय, उत्तरकाशी पहुंचने में पहले से कम दूरी तय करनी होगी।

अतः उक्त समरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्णतः औचित्यपूर्ण है।

अपर सहायक अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी

सहायक अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी।

वन क्षेत्राधिकारी
डुण्डा

वनक्षेत्राधिकारी,
डुण्डा रेंज,
उत्तरकाशी

Neethy
RSI Hitfany

प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग,
उत्तरकाशी

तहसीलदार
डुण्डा

उप जिलाधिकारी
डुण्डा, उत्तरकाशी

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी